

# इंग्लैंड ने श्रीलंका को 223 रन से हराकर सीरीज 2-1 से जीती

**द ओवल।** इंग्लैंड ने तीसरे वनडे में श्रीलंका को 223 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। यह श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की लगातार पांचवीं वनडे सीरीज जीत है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 355/7 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 29.1 ओवर में 134 रन पर सिमट गई।

इंग्लैंड की ओर से टॉम बैंटन ने 105 गेंदों पर 126 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने 16 चौके और पांच छक्के लगाए। बैंटन ने 95 गेंदों पर अपना पहला वनडे शतक पूरा किया। हैरी ब्रूक ने 77 और जॉर्डन कॉक्स ने 76 रन बनाए। बैंटन और ब्रूक के बीच तीसरे विकेट के लिए 150 रन की साझेदारी हुई। ब्रूक ने 49 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और बेन डकेट दूसरे ओवर में बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद बैंटन और जो रूट ने पारी संभाली। रूट 37 गेंदों पर 18 रन बनाकर आउट हुए। बैंटन ने ब्रूक के साथ पारी को आगे बढ़ाया। 40 ओवर के बाद इंग्लैंड का स्कोर 251/4 था। इसके बाद कॉक्स ने तेजी से रन बनाए और 42 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। इंग्लैंड ने अंतिम 10 ओवर में 104 रन बनाए।

356 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत खराब रही। पथुम निसांका एक रन बनाकर आउट हुए। कुसल मेंडिस ने 35 रन बनाए, लेकिन एटकिंसन ने उन्हें पवेलियन भेज दिया। इसके बाद श्रीलंका लगातार विकेट गंवाता रहा और 17वें ओवर में उसका स्कोर 82/6 हो गया। इंग्लैंड की ओर से लियाम डॉसन ने तीन विकेट और गस एटकिंसन ने दो विकेट लिए। डॉसन ने 3/26 और एटकिंसन ने 2/26 के आंकड़े दर्ज किए।

## न्यूज ब्रीफ

### ओडिशा टी20 लीगः राउरकेला सुपरस्टार्स ने भुवनेश्वर टाइगर्स को तीन विकेट से हराया



**कटक।** अभिषेक यादव की दबाव में खेली गई नाबाद 61 रन की शानदार पारी की बदौलत राउरकेला सुपरस्टार्स ने ओडिशा टी20 लीग – सीएम ट्राफी में भुवनेश्वर टाइगर्स को तीन विकेट से हरा दिया। बाराबती स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भुवनेश्वर टाइगर्स की पूरी टीम 149 रन पर सिमट गई। टाइगर्स ने शुरुआती 20 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद संबित बेजा और श्रेयांश भारद्वाज ने पारी को संभालते हुए तीसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की। संबित बेजा ने 19 गेंदों में 25 रन बनाए, जबकि श्रेयांश भारद्वाज ने 28 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली। हालांकि, राउरकेला के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट हासिल करते हुए भुवनेश्वर को बड़ी साझेदारी बनाने से रोके रखा। रुद्र प्रसाद मलिक ने एक छोर संभाले रखा और 35 गेंदों में 47 रन की धैर्यपूर्ण पारी खेलकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। राउरकेला की ओर से पापू राय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 20 रन देकर दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राउरकेला सुपरस्टार्स की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। टीम ने आठ ओवर के भीतर 49 रन पर चार विकेट गंवा दिए। लगातार विकेट गिरने से मुकाबला रोमांचक हो गया, लेकिन अभिषेक यादव ने एक छोर संभाले रखा।

### पीटरसन एकदिवसीय विश्वकप के लिए इंग्लैंड के विशेष सलाहकार बने

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन को टीम का विशेष सलाहकार



नियुक्त किया गया है। वह अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप की तैयारी पर नजर रखेंगे। मौजूद जानकारी के अनुसार, पीटरसन श्रीलंका के खिलाफ होने वाली छह मुकाबलों की श्रृंखला से टीम के साथ जुड़ेंगे। इंग्लैंड को श्रीलंका के खिलाफ तीन टी20 और तीन एकदिवसीय मुकाबले खेलने हैं। इसके बाद वह आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के दौरों पर भी टीम के साथ काम करेंगे। विश्व कप से पहले पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखलाओं में भी उनकी भूमिका जारी रहेगी।माना जा रहा है कि ने ईसीबी ने पीटरसन को जिम्मेदारी देने के पीछे दक्षिण अफ्रीका में उनके अनुभव को भी अहम कारण बताया है। पीटरसन का जन्म और पालन-पोषण दक्षिण अफ्रीका में हुआ है और अगला 50 ओवर का विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाना है। ऐसे में वहां के हालातों और क्रिकेट माहौल की उनकी समझ इंग्लैंड के लिए उपयोगी मानी जा रही है। पीटरसन इससे पहले इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के साथ सलाहकार के तौर पर काम कर चुके हैं। 2023 की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान वह कुछ समय के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाजों के साथ भी काम कर चुके हैं।

### टेस्ट में सबसे तेज 13000 रन बनाने वाले 5 बल्लेबाजों में दो भारतीय भी शामिल



**मुम्बई।** टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 13000 रन बनने वाले विश्व के पांच बल्लेबाजों में दो भारतीय भी शामिल है। इस विशिष्ट सूची में भारत के सचिन तेंदुकर और राहुल द्रविड़ के अलावा, दक्षिण अफ्रीका के जैक कालिस और आस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिग व इंग्लैंड के जो रुट भी शामिल हैं। सबसे पहले ये उपलब्धि सचिन ने हासिल की थी। सचिन को इस आंकड़े तक पहुंचने में 20 साल और 63 दिन का समय लगा था। उन्होंने साल 2010 में बांग्लादेश के खिलाफ 163 वें टेस्ट मैच की 266वीं पारी के दौरान सबसे तेजी से 13,000 रन पूरे करने का रिकार्ड अपने नाम दर्ज कर लिया। वहीं इस सूची में दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीकी आलराउंडर जैक्स कैलिस हैं। कैलिस ने 2 जनवरी 2013 को न्यूजीलैंड के खिलाफ केप टाउन में यह उपलब्धि हासिल की। अपने डेब्यू के 17 साल और 19 दिन बाद, 159वें मैच की 269वीं पारी में कैलिस ने 13,000 रनों का आंकड़ा पार किया। इस प्रकार उन्होंने 13000 तक पहुंचने के लिए सचिन से केवल 3 पारियां अधिक खेली।

# यूएफा नेशंस लीग फुटबाल : स्पेन ने इंग्लैंड को 3-2 से हराया क्रोएशिया-स्विट्ज़रलैंड और फिनलैंड-लक्जमबर्ग भी जीते

लंदन

**वेम्बली स्टेडियम में यूएफा नेशंस लीग के मुकाबले में विश्व चैंपियन स्पेन ने इंग्लैंड पर धमाकेदार जीत दर्ज की। स्पेन ने इंग्लैंड को 3-2 से हराया। स्पेन ने मैच के दूसरे मिनट में ही इंग्लैंड पर बढ़त बना ली। लामिन यमाल ने दूसरे मिनट में मार्क गुएही की गलती का फायदा उठाकर गोल किया।**



इंग्लैंड ने 36वें मिनट में एंथनी गार्डन के बराबरी के गोल से जवाब दिया, जो जूड बेलिंगहम के अच्छे काउंटर-अटैक का नतीजा था। फिर केन ने 40वें मिनट में निको ओ'रैली के क्रास पर हेडर मारकर इंग्लैंड को हाफ-टाइम तक 2-1 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ की शुरुआत में राड़ी के बेलिंगहम पर फाउल करने के बाद केन को पेनल्टी मिली, लेकिन उनका शाट क्रासबार से टकरा गया, जिससे इंग्लैंड की बढ़त बढ़ाने का एक अहम मौका चूक गया। स्पेन ने 60वें मिनट में इंग्लैंड की गलती का फायदा उठाया, जब ओ'रैली की गलती के बाद सब्स्टीट्यूट एलेक्स बेना ने बाक्स के किनारे से गोल किया। विजयी गोल 74वें मिनट में आया, जब मिकेल ओयारजाबल ने बेना के पास को गोल में बदला। वहीं, प्राग में खेले गए एक अन्य रोमांचक मुकाबले में क्रोएशिया ने चेकिया को 2-1 से हराया। मैच के दूसरे हाफ में लुका मोड्रिक ने पहला गोल किया। यह बढ़त ज्यादा देर तक नहीं रही और एडम कराबेक ने गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद मार्को पासालिक ने हेडर से गोल करते हुए क्रोएशिया को 2-1 से जीत दिला दी। दूसरी तरफ, स्विट्ज़रलैंड ने अपने पहले लीग बी कैंपेन की शानदार शुरुआत की। रेमो फ्रायलर और जकी अमदौनी ने हाफ-टाइम से पहले गोल करके उन्हें नार्थ मैसेडोनिया पर 3-0 से जीत दिलाई। जोएल पोहजानपालो ने 2026/27 एडिशन की पहली हैट्रिक बनाकर टाप स्कोरर की रेस में शुरुआती बढ़त बनाई। उनके इस ट्रिपल की मदद से फिनलैंड ने ग्रुप सी1 में सैन मैरिनो पर 7-0 से शानदार जीत हासिल की। लक्जमबर्ग ने ग्रुप सी में बुल्गारिया के खिलाफ 2-1 से शानदार जीत हासिल की।

### शतरंज ओलंपियाडः भारत की पुरुष टीम ने उज्बेकिस्तान-2 को रौंदा, चीन से ड्रा खेलकर महिलाओं की उम्मीदें कायम

**समरकंद ।** विश्व चैंपियन डी. गुकेश, निहाल सरीन और आर. प्रज्ञानंद के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने 46वें शतरंज ओलंपियाड के 10वें और पेनल्टीमेट राउंड में उज्बेकिस्तान-2 को 3.5-0.5 से हराकर पदक की अपनी उम्मीदों को मजबूत कर लिया। वहीं, भारतीय महिला टीम ने शीर्ष पर चल रहे चीन के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला। उज्बेकिस्तान-2 के खिलाफ भारतीय पुरुष टीम की शुरुआत निहाल सरीन ने जीत के साथ की। काले मोहरों से खेलते हुए निहाल ने शुरुआती दौर में ही कुछ प्यादे हासिल कर बढ़त बनाई और मुखम्मदजोहिद सुयारोव को दबाव में ला दिया। इसके बाद विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने ओर्टिक निग्मातोव को हराकर भारत की बढ़त को और मजबूत किया। दूसरे बोर्ड पर अर्जुन एरिगैसी ने अब्दिमालिक अब्दिसालिमोव के खिलाफ बाजी ड्रा कराई। आखिरी मुकाबले में आर. प्रज्ञानंद ने जाखोंगीर वाखिदोव को मात देकर भारत की 3.5-0.5 की शानदार जीत सुनिश्चित की। इस जीत के बाद भारत के खाते में 17 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में अकेले दूसरे स्थान पर है। उज्बेकिस्तान-1 की टीम 18 अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई है। उसने भी आर्मेनिया को 3.5-0.5 से हराया। भारत के पास रजत पदक जीतने की मजबूत स्थिति है। हालांकि, पिछली बार का स्वर्ण पदक दोहराने के लिए भारतीय टीम को अपने आखिरी मुकाबले में शानदार जीत दर्ज करनी होगी और साथ ही उज्बेकिस्तान-1 के हारने की उम्मीद करनी होगी। महिला वर्ग में भारतीय टीम ने शीर्ष पर चल रहे चीन को कड़ी टक्कर दी और मुकाबला 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ। इस ड्रा के बाद चीन 18 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि कजाकिस्तान 17 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारत 16 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए बी. साविता श्री ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झाई मो को हराया। यह इस ओलंपियाड में उनकी आठवीं जीत रही। साविता ने नौ मुकाबलों में अब तक 8.5 अंक हासिल किए हैं।अन्य मुकाबलों में कोनेरू हम्पी ने झू जिनेर के खिलाफ ड्रा खेला, जबकि दिव्या देशमुख और सोंग युक्सिन के बीच मुकाबला भी बराबरी पर समाप्त हुआ।

# वेस्टइंडीज बोर्ड ने खिलाड़ियों की अनुबंध फीस घटायी



जमैका

**क्रिकेट वेस्टइंडीज बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की अनुबंध फीस 25 फीसदी कम कर दी है। बोर्ड के अनुसार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सालाना अनुबंध मिलता रहेगा पर उनकी तय फीस पहले के मुकाबले 25 फीसदी कम होगी। वहीं घरेलू खिलाड़ियों को भी अब सात महीने को ही अनुबंध मिलेगा।**

पैसे की कमी के कारण ही बोर्ड ने पुरुषों की सुपर50 और महिलाओं की टी20 ब्लेज प्रतियोगिताएं रोक दी हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस डियरिंग ने कहा कि खिलाड़ियों और वेस्टइंडीज प्लेयर्स एसोसिएशन ने वर्तमान हालातों को समझते हुए सहयोग किया है। उन्होंने माना कि फीस में कटौती सही नहीं कही जा सकती पर इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं है। बोर्ड के अनुसार पुरुषों की सुपर50 और महिलाओं की टी20 ब्लेज प्रतियोगिताओं को इसलिए आयोजित नहीं करने का फैसला किया है क्योंकि इन्हें आयोजित करने पर काफी खर्च आता है। गौरतलब है कि सुपर50 वेस्टइंडीज की पुरुष एकदिवसीय टीम तक पहुंचने वाले खिलाड़ियों के लिए अहम मंच रहा है। ऐसे में इसका रुकना विकास और चयन प्रक्रिया पर भी असर डाल सकता है। वहीं अनुबंध राशि कम होने से टीम के अच्छे खिलाड़ी अब विदेशी लीग की तरह भाग सकते हैं। पहले ही उसके कई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम को छोड़कर दुनिया भर की लीग में खेलते हैं। गौरतलब है कि वेस्टइंडीज को फरवरी-मार्च 2027 में एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर खेलना है। टीम 2023 के एकदिवसीय विश्व कप में जगह नहीं बना सकी थी।

अब बोर्ड का कहना है कि उसका ध्यान पुरुष टीम को इस क्वालीफायर के लिए तैयार करने पर रहेगा।क्रिस डियरिंग के मुताबिक, घरेलू क्रिकेट व्यवस्था पर यात्रा, होटल, मैच और आयोजन से जुड़ा खर्च लगातार बढ़ता गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में केवल घरेलू विमान सेवाओं पर 80 मिलियन अमेरिकी डालर से अधिक खर्च किए गए हैं।

### सीएसके को फिर से शीर्ष पर पहुंचाना है लक्ष्य : जहीर



**मुम्बई।** आईपीएल के 2027 सत्र के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के नये मुख्य कोच बने जहीर खान बेहद उत्साहित हैं। जहीर को हाल ही में स्टीफन फ्लेमिंग की जगह कोच बनाया गया था। कोच बनने के बाद जहीर ने कहा कि उनका लक्ष्य सीएसके को एक बार फिर शीर्ष पर पहुंचाना रहेगा। उन्होंने कहा कि मुझे बड़ी जिम्मेदारी मिली है और वह अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करेंगे। जहीर को कोच बनाने में टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की मुख्य भूमिका रही है। इसी को लेकर उन्होंने कहा, जब आप धोनी के बारे में बात करते हो, आप निरंतरता देखोगे, उनका कोच साथ सौहार्द देखोगे, ये कुछ ऐसा रहा है जो बहुत विशेश है. मैंने जब भी चेन्नई टीम का सामना किया, ये बहुत मजबूत टीम रही है. और यही वो खूबी है जिसे हमें आगे ले जाना है। इसलिए जिम्मेदारी बड़ी है क्योंकि हमें उस स्तर को बनाये रखना है। बहुत सारी उम्मीदें हैं, जो बहुत सारा दबाव भी लेकर आती है। ये कठिन चुनौती है जिसका मैं मैं इंतजार कर रहा हूं. सीएसके के कोच बनने की प्रक्रिया को लेकर जहीर ने कहा, धोनी सीएसके के लिए एक बहुत बड़ी ताकत रहे हैं। टीम की दिशा कैसी होनी चाहिए, इसे समझने में उनकी भूमिका बहुत अहम रही है।

# एशियन गेम्स 2026 : भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमें सेमीफाइनल में

आइची-नागोया (जापान)

**भारत की पुरुष और महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीमों ने जारी एशियन गेम्स 2026 में अपने-अपने वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बना ली।**







पुरुष टीम में साहिल जाधव, गणेश मणिरत्नम और कुशल दलाल की तिकड़ी ने भूटान को बेहद करीबी मुकाबले में 235-232 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब सेमीफाइनल में सामना दक्षिण कोरिया से होगा।

महिला टीम में चिकिता तनीपार्थी, ज्योति सुरेखा वेन्नम और पृथिका प्रदीप ने कजाकिस्तान को 233-230 से हराया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना दक्षिण कोरिया से होगा।

क्वार्टर फाइनल में भारतीय महिला टीम छह तीरों के पहले सेट के बाद पीछे चल रही थी, लेकिन खिलाड़ियों ने शानदार वापसी करते हुए कजाकिस्तान को तीन अंकों के मामूली अंतर से मात दी।

इससे पहले पुरुष टीम ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के मुकाबले में यूएई के खिलाफ 235-215 से शानदार जीत दर्ज की थी। वहीं, महिला टीम ने मंगोलिया के खिलाफ और भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए 238-223 से जीत हासिल की थी।

# स्मिथ सहित ये दिग्गज बल्लेबाज शुरुआत में करते थे गेंदबाजी

सिडनी

विश्व क्रिकेट में आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ सहित कुछ क्रिकेटर ऐसे भी है जो अपने करियर की शुरुआत में गेंदबाजी करते थे पर संयोग से बल्लेबाज बन गये। किस्मत से बल्लेबाज बने ये खिलाड़ी बेहद सफल रहे और आज इनकी गिनती दिग्गज बल्लेबाजों में होती है। स्मिथ की बात करें तो वह अपने करियर की शुरुआत में मुख्य रूप से एक लेग-स्पिनर थे। वह निचले क्रम में थोड़ी-बहुत बल्लेबाजी कर लेते थे। साल 2010 में जब उनका अंतरराष्ट्रीय डेब्यू हुआ, तब वह आठवें या नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते थे. बाद में उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अपनी बल्लेबाजी तकनीक पर कड़ी मेहनत की और आज स्मिथ दुनिया के शीर्ष बल्लेबाजों में गिने जाते हैं।



श्रीलंका के दिग्गज सनथ जयसूर्या ने भी अपने करियर की शुरुआत एक स्पिन गेंदबाज के रूप में की थी और निचले क्रम में वह केवल तेजी से रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। सन 1989 में डेब्यू के बाद कई सालों तक वह सातवें या आठवें नंबर पर आते थे और टीम में उनका मुख्य काम कसी हुई गेंदबाजी कर रन रोकना और विकेट लेना था पर साल 1995-96 के दौरान श्रीलंकाई टीम प्रबंधन और कप्तान अर्जुन रणतुंगा ने उन्हें वनडे में ओपनिंग करने भेजा. यहीं से जयसूर्या एक आक्रमक सलामी बल्लेबाज के रूप में उभरकर सामने आए।

इंग्लैंड के सबसे सफल बल्लेबाजों में गिने जाने वाले केविन पीटरसन ने अपने करियर की शुरुआत एक आफ-स्पिनर के तौर पर की थी, जो निचले क्रम के बल्लेबाज के रूप में क्रीज पर उतरते थे। बाद में काउंटी क्रिकेट में रनों का अंबार लगाने के बाद 2004-05 में उन्हें इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम में मध्यक्रम के प्रमुख बल्लेबाज के रूप में चुना गया।. उसके बाद पीटरसन ने कई रिकार्ड बनाये।

वहीं इस सूची में भारतीय टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा भी हैं। रोहित अपने स्कूल के दिनों में एक आफ-स्पिनर के तौर पर खेलते थे। उनके कोच दिनेश लाड ने उनके अंदर बल्लेबाजी की ऐसी प्रतिभा देखी कि उन्होंने रोहित को गेंदबाजी छोड़कर पूरी तरह बल्लेबाजी पर ध्यान लगाने की सलाह दी हालांकि, उनके अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत एक मध्य क्रम बल्लेबाज के रूप में हुई थी, लेकिन उनके करियर का सबसे बड़ा मोड़ 2013 की आईसीसी चैंपियंस ट्राफी रहा। जब उस समय कप्तान रहे महेन्द्र सिंह धोनी धोनी ने उनसे ओपनिंग कराई. उसके बाद तो रोहित सफलता की सीड़ियां चढ़ते गये। इसके अलाव पाकिस्तान के नासिर जमशेद का नाम भी इस सूची में शामिल है। नासिर जमशेद शुरुआत में वसीम अकरम और शोएब अख्तर जैसे तेज गेंदाज बनाना चाहते थे। हालांकि, जूनियर स्तर पर ट्रायल्स और क्लब मैचों के दौरान पाय गया कि वह बेहतर बल्लेबाज बन सकते हैं।